बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक : 15 दिनांक 15-4-2010

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(M) 9939469410
(R) 0612-2526123

+++

उपाध्यक्ष
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139

* मो॰ एखलाक अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव
* राजनन्द बडियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901

दिनांक–15.04.10 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की केन्द्रीय कार्यकारणी की बैठक की कार्यवाही:–

उपस्थिति:– पंजी के अनुसार।

आज की बैठक में अगली कार्यकारणी के गठन के लिए आम सभा बुलाने पर चर्चा की गयी। विचार विमर्श के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि जून माह के प्रथम या द्वितीय रविवार जो 6 या 13 जून होता है, के लिए माननीय मुख्यमंत्री से समय लिया जाय। दोनों तिथि से जो भी तिथि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित की जाती है, उसी तिथि को आम सभा होगी। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य बिन्दु पर भी चर्चा की गयी। जिस पर निर्णय इस प्रकार है:–

(i) श्री नीतीश्वर, केयर टेकर के पिता के देहान्त होने पर आर्थिक सहयोग के रूप में मो0 5000/– संघ की तरफ से दी गयी थी। जिसकी घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।

(ii) श्री हेमन्त कुमार सिंह केयर टेकर के द्वारा दिये गये आवेदन पर विमर्श किया गया। उन्होंने अपना वेतन 3000/– रू0 से बढ़ाकर 5000/– रू0 करने का अनुरोध किया। निर्णय लिया गया कि उनका वेतन मो0 4000 प्रतिमाह मई, 2010 से दिया जाय।

(iii) बैठक हॉल के सुदृढीकरण करने पर चर्चा की गई। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि बैठक हॉल का सुदृढ़ीकरण किया जायं जिसके लिए एक कमिटी गठित कर दी जाय, जो अपने देख रेख में प्राकल्लन के अनुरूप कार्य करवायेंगे।

(iv) बासा का website बनाने के पूर्व के निर्णय पर चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया कि अगली आम सभा में website का उद्घाटन किया जाएगा।

(v) इस बात पर भी चर्चा हुई कि संघ के पुराने सदस्यों के द्वारा अगर संघ भवन में बैठक का अनुरोध प्राप्त होता है तो इसके लिए संघ को कोई आपत्ति नही होगी, वशर्ते कि उक्त तिथि/समय में संघ की कोई बैठक नहीं हो।

(vi) यह भी निर्णय लिय गया कि संघ के जो भी सदस्य सेवानिवृत्त होते है उनके सम्मान में वर्ष में एक या दो बार बैठक आयोजित की जाय जिसमें संघ के पुराने पद धारकों को भी आमंत्रित की जायेगी।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक : .... दिनांक ....

अध्यक्ष
अरूण चन्द्र मिश्र
(M) 9835281295
(M) 9939469410
(R) 0612-2526123

+++

उपाध्यक्ष
★ शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139

★ मो॰ एखलाक अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव
★ राजयनन्द नडियार
(M) 9431093157

★ अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901

(vii) दिनांक 20.02.10 को ''बिहार के विकास में प्रशासनिक सेवा की भूमिका'' पर आयोजित विचार गोष्ठी पर हुए व्यय मो0 28000/– की घटनोत्तर स्वीकृति की गयी।

(viii) बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के पुनर्गठन के उपरान्त उत्पन्न परिस्थिति पर कुछ सदस्यों ने चर्चा की। यह बात प्रकाश में आयी कि अधिक संख्या में जिलों में वरीय उपसमाहत्ताओं की पदस्थापन की गई है जहाँ न तो कार्य आवंटित किया गया है और न ही बैठने की समुचित व्यवस्था हो पायी है। इसी प्रकार विशेष कार्य पदाधिकारी के पद पर भी पदाधिकारियों को पदस्थापित किया गया है, परन्तु उनकी भी यही स्थिति है जो जिलों में वरीय उपसमाहत्ताओं की है। कुछ नये उप सचिव का भी पदास्थापन हुआ जिन्हें बैठने की व्यवस्था नहीं हो पायी है। इन सारे बिन्दुओं पर सरकार/विभाग का ध्यान आकृष्ट करने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि Non-Cadre Post Identify में ठोस पहल करने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग का ध्यान आकृष्ट किया जाय।

बैठक के अन्त में श्री प्रेमचन्द्र चौधरी, सेवा के वरीय सदस्य के स्वर्गवास होने की सूचना मिलने पर केन्द्रीय कार्यकारणी के सभी उपस्थित सदस्यों ने उनकी आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रखा।

अन्त में अध्यक्ष द्वारा धन्यावाद ज्ञापित करने के बाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(एo सीo मिश्र)
अध्यक्ष

ज्ञापांक 15 दिनांक 15-4-2010

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

15/04/10
(सुशील कुमार)
महासचिव

ज्ञापांक 15 दिनांक 15-4-2010

प्रतिलिपिः–सभी केन्द्रीय कार्यकारणी के सदस्य/विशेष आमंत्रित सदस्यों/ अध्यक्ष/सचिव सभी जिला ईकाई को सूचनार्थ।

15/04/10
(सुशील कुमार)
महासचिव